दिनांक 9 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

अकाशगंगा होलसेल मार्केट अब राधिका नगर के बजाए बैकुंठ धाम मे होगा शिफ्ट , भीड़ को नियंत्रित करने तथा सोशल डिस्टेंस बनाने कयावद

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में आने वाले आकाशगंगा होलसेल सब्जी मार्केट को राधिका नगर पानी टंकी के समीप स्थित मैदान में अस्थाई तौर पर शिफ्ट किया गया था परंतु उस स्थल में भी ज्यादा भीड़ बढ़ने एवं जगह की कमी की वजह से तत्काल उचित निर्णय लेते हुए बैकुंठ धाम मंदिर के समीप स्थित खाली मैदान में अस्थाई तौर पर वैकल्पिक व्यवस्था के तहत होलसेल सब्जी मार्केट को शिफ्ट किया जाएगा , जिसकी तैयारी की जा रही है ताकि कल से ही मार्केट वहां लग सके! बैकुंठ धाम स्थित मंदिर के समीप के खाली मैदान को चुना मार्किंग करने की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है! स्थल पहले से स्वच्छ है परंतु फिर भी साफ-सफाई कराई जा रही है!

जनसंपर्क अधिकारी